कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक 21.06.2024

विषयः-थाना चेतगंज में पंजीकृत मुकदमें में वांछित अभियुक्त को चेतगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा जघन्य अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चेतगंज के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 21.06.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 84/2023 धारा 363,366 भादवि में वांछित अभियुक्त छोटू शर्मा पुत्र हंसलाल शर्मा निवासी हबीबपुरा थाना चेतंगज कमिश्नरेट वाराणसी को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर आजाद पार्क पिशाचमोचन के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना हाजा लाया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

आवेदिका द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र बावत आवेदिका की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में दिनांक 20.06.2024 को थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी पर मु0अ0सं0 84/2024 धारा 363,366 भादवि पंजीकृत किया गया था। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय की टीम द्वारा आज दिनांक 21.06.2024 को मुखबिर खास की सूचना पर आजाद पार्क पिशाच मोचन से अभियोग उपरोक्त में वांछित अभियुक्त छोटू शर्मा पुत्र हंसलाल शर्मा निवासी हबीबपुरा थाना चेतंगज कमिश्नरेट वाराणसी को किया गया।

पूछताछ विवरण-

छोटू शर्मा पुत्र हंसलाल शर्मा निवासी हबीबपुरा थाना चेतंगज कमिश्नरेट वाराणसी पूछताछ में अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए अपनी गलती की माफी मांगते हुए बता रहा है कि साहब गलती हो गयी माफ कर दीजिए अब भविष्य में ऐसा कोई गलत काम नही करूंगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. छोटू शर्मा पुत्र हंसलाल शर्मा निवासी हबीबपुरा थाना चेतंगज कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान</u>- दिनांक गिरफ्तारी 21.06.2024 को आजाद पार्क पिशाचमोचन के पास से

<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण</u> -

1. मु0अ0स0 84/2024 धारा 363,366 भा0द0वि0 थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी ।

<u>आपराधिक इतिहास</u>

अभियुक्त के अपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है ।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. डा0 आशीष कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक, थाना चेतगंज, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री आदित्य कुमार राय थाना चेतगंज, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 जियालाल यादव थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 इमरान अली थाना चेतगंज, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
जोन-काशी कमि0 वाराणसी